पीडब्ल्यूआर एक

पीआर नंबर 70306

सुपरमाइक्रो एक सान जोस

संपादक– यह विज्ञप्ति आपको एशियानेट के साथ संपन्न हुई व्यवस्था के तहत प्रेषित की जा रही है। पीटीआई पर इसका कोई संपादकीय उत्तरदायित्व नहीं है।

सुपरमाइक्रो ने एनवीडिया टेस्ला वी100 जीपीयू के लिए जीपीयू अनुकूलित सिस्टम्स का सबसे व्यापक पोर्टफोलियो पेश किया

सान जोस, कैलिफोर्निया, 27 सितंबर, 2017, पीआरन्यूजवायर– एशियानेट।

– अधिकतम जीपीयू डेंसिटी, नेक्स्ट जनरेशन एनवीलिंक सपोर्ट तथा वैश्विक सेवा सहित सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के फीचर्स देते हुए सुपरमाइक्रो के जीपीयू सिस्टम्स का व्यापक पोर्टफोलियो ग्राहकों को अपने वर्कलोड से जोड़ने तथा सबसे अनुकूल सिस्टम कंफिगरेशन के लिए जरूरी डाटासेंटर की अनूठी क्षमता देता है।

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज तथा नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) ने आज अपने जीपीयू सर्वर प्लेटफॉर्मों के उद्योग प्रमुख पोर्टफोलियो पर एनवीडिया टेस्ला वी100 पीसीआई–ई एवं वी100 एसएक्सएम2 जीपीयू के सपोर्ट की घोषणा की।

फोटोः https://mma.prnewswire.com/media/562641/eBlast_2017_09_Volta_GPU_white.jpg

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), डीप लर्निंग, ऑटोनोमस व्हिकल सिस्टम्स, एनर्जी एंड इंजीनियरिंग/साइंस जैसे अत्यंत समांतर अनुप्रयोगों की अधिकतम गति के लिए सुपरमाइक्रो का एनवीडिया एनवीलिंक से लैस नया 4यू सिस्टम समग्र परफॉर्मेंस के लिए अनुकूलित है। सुपरसर्वर 4028जीआर–टीएक्सआरटी महत्वपूर्ण एचपीसी समूहों और हाइपर–स्तर के वर्कलोड के लिए अधिकतम जीपीयूटु जीपीयू बैंडविड्थ के साथ आठ एनवीडिया टेस्ला वी100 एसएक्सएम2 जीपीयू का समर्थन करता है। पीसीआई–ई 3.0 के पांच गुना से अधिक बैंडविड्थ के साथ लेटेस्ट एनवीडिया एनवीलिंक जीपीयू इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी को समाहित करते हुए यह सिस्टम एक स्वतंत्र जीपीयू और सीपीयू थर्मल जोनिंग डिजाइन से लैस है जो सबसे लोकप्रिय वर्कलोड के तहत समझौतारहित परफॉर्मेंस और स्थिरता सुनिश्चित करता है।

इसी तरह परफॉर्मेंस अनुकूलित 4यू सुपरसर्वर 4028जीआर–टीआरटी2 सिस्टम सुपरमाइक्रो के अभिनव और जीपीयू अनुकूलित सिंगल रूट जटिल पीसीआई–ई डिजाइन के साथ 10 पीसीआई–ई टेस्ला वी100 एक्सेलेरटर्स तक का समर्थन कर सकता है जो जीपीयू के पीयर–टु–पीयर संचार परफॉर्मेंस में आश्चर्यजनक सुधार लाता है। अधिकतम डेंसिटी के लिए भी सुपरसर्वर 1028जीक्यू–टीआरटी रैक स्पेस के केवल 1यू में चार पीसीआई–ई टेस्ला वी100 जीपीयू एक्सेलेरेटर्स तक का समर्थन करता है। मीडिया, मनोरंजन, मेडिकल इमेजिंग और प्रस्तुति अनुप्रयोगों के लिए आदर्श यह पावरफुल 7049जीपी–टीआरटी वर्कस्टेशन चार एनवीडिया टेस्ला वी100 जीपीयू एक्सेलेरेटर्स का समर्थन करता है।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, ″सुपरमाइक्रो सबसे अनुप्रयोग–अनुकूलित जीपीयू सिस्टमों को डिजाइन करती है और इस उद्योग के जीपीयू–अनुकूलित सर्वरों तथा वर्कस्टेशनों के सबसे व्यापक चयन की पेशकश करती है। हमारे हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग समाधान अपने सबसे लोकप्रिय वर्कलोड को गति देने तथा प्रति वाट, प्रति वर्गफुट और प्रति डॉलर अधिकतम परफॉर्मेंस के साथ सबसे तेज गति से परिणाम हासिल करनेके लिए अपने कंप्यूट समूहों को अलग रखते हुए गहन लर्निंग, इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक क्षेत्रों को सक्षम बनाते हैं। आगामी पीढ़ी के एनवीलिंक के साथ परफॉर्मेंस अनुकूलित 1यू तथा 4यू सिस्टमों में नए एनवीडिया वी100 पीसीआई–ई और वी100 एसएक्सएम2 जीपीयू को समाहित करने वाले हमारे लेटेस्ट नवोन्मेषणों के जरिये ग्राहक विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण समस्याओं का हल निकालने में मदद के लिए अपने अनुप्रयोगों और नवोन्मेषणों को गति दे सकते हैं।″

एनवीडिया में एक्सेलेरेटेड कंप्यूटिंग्रुप के उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक इयान बक ने कहा, ″सुपरमाइक्रो के नए हाई–डेंसिटी सर्वर उद्योग एवं एचपीसी ग्राहकों कोसंपूर्ण रूप से एक नए स्तर की कंप्यूटिंग प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए नए एनवीडिया टेस्ला वी100 डाटा सेंटर जीपीयू का पूर्ण लाभ उठाने के लिए अनुकूलित हैं। नए सुपरसर्वर कंप्यूट–इंटेंसिव डाटा विश्लेषण, डीप लर्निंग और वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के लिए आश्चर्यजनक रूप से अधिकतम थ्रूपुट देते हैं जबकि बिजली की खपत कम करते हैं।″

बिग डाटा एनालिटिक्स के अभिसरण के साथ लेटेस्ट एनवीडिया जीपीयू आर्किटेक्चर्स और उन्नत मशीन लर्निंग एलॉगरिथ्म, डीप लर्निंग अनुप्रयोगों को कई जीपीयू की प्रोसेसिंग क्षमता की जरूरत पड़ती है जो जीपीयू नेटवर्क के विस्तार के लिए प्रभावी और कुशलतापूर्वक संचार कर सके। सुपरमाइक्रो का सिंगल–रूट जीपीयू सिस्टम कई जीपीयू को एनसीसीएल पी2पी बैंडविड्थ टेस्ट द्वारा अनुमानित लेटेंसी न्यूनतम करने तथा थ्रूपुट अधिकतम करने के लिए प्रभावशाली तरीके से संचार करने की सुविधा देता है।

सुपरमाइक्रो एनवीडिया जीपीयू सिस्टम उत्पाद श्रृंखला के बारे में संपूर्ण जानकारी के लिए कृपया देखें https://www.supermicro.com/products/nfo/gpu.cfm.

सुपरमाइक्रो की ताजा खबरों तथा घोषणाओं के बारे में जानकारी पाने के लिए इसे फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप–बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।
सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस, और वी कीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

अन्य सभी ब्रांड, नाम और व्यापार चिह्न संबंधित स्वामित्व की संपत्तियां हैं।

एसएमसीआई–एफ

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

संपर्कः माइकल केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. michaelk@supermicro.com

पीआरन्यूजवायर– एशियानेटः रंजन